उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 19.04.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।


जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 19.04.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर तत्काल जाकर शिकायतों की निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन पहुंच साप्ताहिक शुक्रवार की परेड में सलामी ली गयी, पुलिस लाइन का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा साप्ताहिक अर्दली रुम कर अधीनस्थों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देशः-

आज दिनांक 19.04.2024 को श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस लाइन महोबा में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई व टोलीवार परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक एवं मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़/परेड ड्रिल कराई गई। पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने के निर्देश दिए गए, पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत साप्ताहिक शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस लाइन महोबा में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों से अभ्यास कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



इसी क्रम में पुलिस लाइन, महोबा परिसर का भ्रमण कर कार्यालय भोजनालय, बैरक व शौचालय का साफ सफाई के दृष्टिगत निरीक्षण किया गया एवं पुलिस बल को प्रदान किये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा गया, सभी पुलिस कर्मियों के मैस, बैरक, स्नानागार, शौचालय इत्यादि का निरीक्षण किया गया। संबंधित को पुलिस लाइन परिसर में उच्च कोटि की साफ-सफाई बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष में साप्ताहिक अर्दली रूम कर विभिन्न शाखाओं/सुरक्षा गार्दों के रजिस्टर चेक किए गए। इस दौरान अभिलेखों को अद्यावधिक किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये तथा पुलिस कर्मियों को उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखते हुए निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किए जाने के दिए निर्देश।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स/नगर श्री दीपक दूबे, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार सहित पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालय के सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।





# अग्निसुरक्षा हेतु मॉकड्रिल का आयोजन कर शिक्षकों एवं बच्चों को जागरुक किया गया।

अग्नि से सम्बन्धित होने वाली विभिन्न दुर्घटनाओं में प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक) के तहत चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक 19.04.2024 को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्री देवेश तिवारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम महोबा द्वारा जनपद महोबा के ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में जाकर वहाँ मौजूद छात्र/छात्राओं एवं स्कूल स्टॉफ को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया एवं अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन कर एलपीजी गैस से लगी आग को बुझाने की विधियों सहित विभिन्न प्रकार से होने वाली अग्निसुरक्षा हेतु अग्निशमन उपकरण-फायर एक्सटिंग्यूसर इत्यादि को चलाने की विधि के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने
## अवैध शराब के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन मे एंव अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी सदर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम के उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित द्वारा मुखिबर की सूचना पर दिनांक 18.04.2024 को एक नफर अभियुक्त देवीचरन पुत्र रामगोपाल उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम खजुरिहा पहरा थाना कबरई जनपद महोबा को पहरा मोड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी में 90 अदद क्वार्टर देशी शराब नाजायज बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 125/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

देवीचरन पुत्र रामगोपाल उम्र 31 वर्ष नि0ग्राम खजुरिहा पहरा थाना कबरई जनपद महोबा।

**बरामदगी-**

एक प्लास्टिक की बोरी में 90 क्वार्टर देशी शराब नाजायज बरामद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 प्रशान्त दीक्षित
2.उ0नि0 अजय प्रताप सिंह
3.उ0नि0 शिवांगी गुप्ता
4.का0 नन्दलाल पटेल



## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने
## दहेज हत्या से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन मे एंव अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में उ0नि0 देवेन्द्र पाण्डेय थाना महोबकंठ द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 74/24 धारा 498A/304B भादवि व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित वाँछित अभियुक्त राघवेन्द्र धोबी पुत्र लल्लूराम धोबी उम्र 25 वर्ष नि0 ग्राम घुटई थाना महोबकंठ जिला महोबा (मृतका का देवर) को मुखबिर की सूचना पर तेलीपहाड़ी मोड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त को अग्रिम कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया तथा प्रकरण से सम्बन्धित अन्य तीन वांछित अभियुक्तगण ( मृतका के पति, सास व ससुर) को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

राघवेन्द्र धोबी पुत्र लल्लूराम धोबी उम्र 25 वर्ष नि0 ग्राम घुटई थाना महोबकंठ जिला महोबा

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1. उ0नि0 देवेन्द्र पाण्डेय
2. का0 कुंवरपाल



## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद में शांति एंव कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी/ पुरूस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 19.04.2024 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 मनोज कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तलाश वाँछित/वारण्टी, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान 01 नफर वारण्टी अभियुक्त शंकर सिंह पुत्र कपूर सिंह उम्र 65 वर्ष निवासी रैपुराखुर्द थाना कोतवाली नगर जिला महोबा सम्बन्धित केश नं0- 04/2008 धारा- 446 सीआरपीसी सम्बन्धित माननीय न्यायालय ए0डी0जे0 (एफ0टी0सी0 2016) महोबा द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम में वारण्टी अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम रैपुराखुर्द महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक कार्यवाही कर वारंटी अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त -

शंकर सिंह पुत्र कपूर सिंह उम्र 65 वर्ष निवासी रैपुराखुर्द थाना कोतवाली नगर जिला महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 मनोज कुमार तिवारी थाना कोतवाली महोबा
2. उ0नि0 यूटी संदीप विमल

